Title: Need to provide adequate funds to the State Government of Uttar Pradesh for construction of a bridge on river Ganga at Balua in Varanasi district.

श्री आनन्द रत्न मौर्य (चंदौली) : वाराणसी (उत्तर प्रदेश) जिले में बुलआ पर गंगा नदी पर पुल का निर्माण अत्यन्त आवश्यक है। पक्के पुल का निर्माण न होने के कारण वहां के निवासियों, किसानों और मजदूरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जिससे उनमें भारी असंतोष व्याप्त है। नदी पर पुल का निर्माण वहां के निवासियों के लिए वरदान सिद्ध होगा। इसके अतिरिक्त इस पुल के निर्माण से बिहार से सीधे सम्पर्क भी स्थापित हो जाएगा।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह बलुआ पर गंगा नदी पर पक्के पुल के निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सरकार को आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराए जिससे किसानों और मजदूरों में व्याप्त भारी असंतोष को शीघ्र दूर किया जा सके।